# उत्तर रेलवे

## रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे

### रोजगार सूचना सं. आरआरसी/एनआर 03/2018/एस एंड जी

वेबसाइटः **www.rrcnr.org**

## वर्ष 2018–19 (पे मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के लेवल 1 और 2) के लिए उत्तर रेलवे में स्काउट एंड गाइड कोटे में भर्ती

उत्तर रेलवे में 2018–19 के लिए स्काउट्स एंड गाइड्स कोटा में पे मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के लेवल 1 और 2 में निम्न पदों की भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जाता है। यह पद सभी उम्मीदवारों के लिए खुले हैं और एससी/एसटी/ओबीसी/भूतपूर्व सैनिक/पीडब्ल्यूडी श्रेणियों से संबंधित जो उम्मीदवार इस अधिसूचना के उत्तर में आवेदन करते हैं, उन्हें सामान्य खुली भर्ती की तरह आयु सीमा में छूट दी जाएगी। हालांकि, उपरोक्त श्रेणियों का उम्मीदवार होने से किसी भी छूट सहित चयन किए जाने पर, उसे आरक्षित रोस्टर प्वाइंट में लिया जाएगा।

**आवेदक नीचे दी गई पात्रता शर्त पूरी करने पर दोनों श्रेणियों यानी लेवल 1 और 2 के लिए आवेदन कर सकता है, किंतु प्रत्येक आवेदन के लिए परीक्षा शुल्क सहित अलग–अलग आवेदन भरना होगा। दोनों श्रेणियों में दो पालियों में संभवतः एक ही दिन में अलग–अलग परीक्षा आयोजित की जाएगी।**

सिर्फ आरआरसी की वेबसाइट पर पंजीकरण करने/ऑनलाइन आवेदन भरने से ही उम्मीदवार लिखित परीक्षा के लिए पात्र नहीं हो जाता। आवेदक की उम्मीदवारी चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन है।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| आरआरसी वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि | 28.12.2018 |
| ऑनलाइन आवेदन की आरंभिक तिथि और समय | 31.12.2018 को 1200 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय | 30.01.2019 को 1200 बजे |
| ऑनलाइन लिखित परीक्षा की संभावित तिथि | 15.02.2019 से 15.03.2019 के बीच |

**1.0 पद, योग्यता और आयु (01/01/2019 को) का विवरण**

| श्रेणी | पद | पे लेवल | रिक्ति | न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता/स्काउट्स एंड गाइड्स योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समूह 'ग' | पे मैट्रिक्स 7वें सीपीसी का लेवल 2 | 03 | **शैक्षिक योग्यताः**<br>(क) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम कुल 50% अंकों सहित 10+2 (+2 स्टेज) या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>एससी/एसटी/भूतपूर्व सैनिक या उन उम्मीदवारों के मामले में 50% पर जोर नहीं दिया जाना है जो इंटरमीडिएट से अधिक जैसे ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन की शैक्षिक योग्यता रखते हैं।<br>**स्काउटिंग योग्यताः**<br>क) राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर या किसी भी खंड में हिमालय वुड बैज (एचडब्ल्यूबी) धारक।<br>ख) पिछले 5 वर्षों में स्काउट्स संगठन का सक्रिय सदस्य रहा हो। सक्रियता प्रमाण पत्र **आरआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध अनुलग्नक–I** के अनुसार होना चाहिए।<br>ग) राष्ट्रीय स्तर पर दो स्पर्धाओं **या** अखिल भारतीय रेलवे स्तर लेवल और राज्य स्तर पर दो स्पर्धाओं में भाग लिया हो। |

| आयु सीमा | अना. | ओबीसी | एससी/एसटी | सेवारत रेलवे कर्मचारी | भूतपूर्व सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|
| | 18 से 30 वर्ष | 18 से 33 वर्ष | 18 से 35 वर्ष | 40 वर्ष तक | आयु में छूट नियमों के अनुसार |

| श्रेणी | पद | पे लेवल | रिक्ति | न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता/स्काउट्स एंड गाइड्स योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 2 | समूह 'घ' | पे मैट्रिक्स 7वें सीपीसी का लेवल 1 | 16 | **विभाग** — **शैक्षिक योग्यताः**<br>सिविल इंजी. मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और एसएंडटी — 10वीं उत्तीर्ण + एनसीवीटी द्वारा मंजूर राष्ट्रीय एप्रेंटिसशिप प्रमाणपत्र (एनएसी) **या** मान्यताप्राप्त शैक्षिक बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण + आईटीआई के समकक्ष<br>अन्य विभाग के लिए — 10वीं उत्तीर्ण या आईटीआई या समकक्ष या एनसीवीटी द्वारा मंजूर राष्ट्रीय एप्रेंटिसशिप प्रमाणपत्र (एनएसी)<br>**स्काउटिंग योग्यताः**<br>क) राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर या किसी भी खंड में हिमालय वुड बैज (एचडब्ल्यूबी) धारक।<br>ख) पिछले 5 वर्षों में स्काउट्स संगठन का सक्रिय सदस्य रहा हो। सक्रियता प्रमाण पत्र **आरआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध अनुलग्नक–I** के अनुसार होना चाहिए।<br>ग) राष्ट्रीय स्तर पर दो स्पर्धाओं या अखिल भारतीय रेलवे स्तर लेवल और राज्य स्तर पर दो स्पर्धाओं में भाग लिया हो। |

| आयु सीमा | अना. | ओबीसी | एससी/एसटी | सेवारत रेलवे कर्मचारी | भूतपूर्व सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|
| | 18 से 33 वर्ष | 18 से 36 वर्ष | 18 से 38 वर्ष | 40 वर्ष तक | आयु में छूट नियमों के अनुसार |

**नोटः– उम्मीदवार ध्यान दें कि सिर्फ स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर/एचडब्ल्यूबी/स्पर्धा/रैली में भाग लेने से ही उम्मीदवार पात्र नहीं हो जाता जब तक उसके पास नियमों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र/पैचमेंट न हो।**

**2.0 परीक्षा शुल्कः**

परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाना है और आरआरसी नकद/चेक/मनी ऑर्डर/आईपीओ/डिमांड ड्राफ्ट/केंद्रीय भर्ती शुल्क टिकटों आदि से परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं करेगा। उम्मीदवार ध्यान दें कि आरआरसी/एनआर किसी भी कारण से अपूर्ण या लंबित ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान के लिए जिम्मेदार नहीं है। ऐसे मामले में उम्मीदवार को परीक्षा शुल्क का फिर से/नया भुगतान करना जरूरी है।

(i) नीचे उप–पैरा (ii) में उल्लेख के अतिरिक्त सभी उम्मीदवारों के लिएः रु. 500/– (पांच सौ रुपये) मात्र आरआरसी/एनआर के पक्ष में ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से। परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं है।

(ii) एससी/एसटी, महिला, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिएः रु. 250/– (दो सौ पचास रुपये) मात्र। इन श्रेणियों के उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क केवल तभी वापस किया जाएगा जब वे वास्तव में लिखित परीक्षा में शामिल होंगे।

(iii) उम्मीदवार ध्यान दें कि परीक्षा शुल्क की वापसी के मामले में इसे उस स्रोत में वापस अंतरित किया जाएगा जिससे यह आरआरसी खाते में प्राप्त हुआ।

**नोटः**– 'अल्पसंख्यक' का मतलब मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, जोरास्ट्रियन (पारसी) और सिख हैं।

आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग का अर्थ उन उम्मीदवारों से होगा जिनकी पारिवारिक आय प्रति वर्ष 50,000/– रुपये से कम है।

आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की पहचान हेतु आय प्रमाणपत्र जारी करने उद्देश्य से निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है।

(क) जिला मजिस्ट्रेट या तहसीलदार के स्तर तक कोई अन्य राजस्व अधिकारी

(ख) अपने निर्वाचन क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए लोकसभा के मौजूदा सांसद

(ग) किसी मान्यता प्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया बीपीएल कार्ड या अन्य कोई प्रमाणपत्र या रेलवे द्वारा जारी इज्जत एमएसटी

(घ) केंद्रीय मंत्री देश के किसी भी व्यक्ति के लिए सिफारिश कर सकते हैं

(ङ) जिले के उन व्यक्तियों के लिए राज्यसभा के सांसद, जिनमें सांसद सामान्य रूप से रहते हों

ऊपर उल्लिखित प्राधिकारियों द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र **अनुलग्नक–'ई'** में दिए गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए। इसे जारीकर्ता प्राधिकारी के लेटरहेड पर जारी किया गया होना चाहिए।

**3.0 भर्ती के लिए योजनाः** जिन उम्मीदवारों ने जारी की गई अधिसूचना के जवाब में आवेदन किया और जांच के बाद योग्य पाए गए उन्हें लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन से गुजरना होगा। लिखित परीक्षा और प्रमाणपत्र के अंकों दोनों में ही सफल उम्मीदवारों की योग्यता के अनुसार पैनल बनाया जाएगा। उम्मीदवार का आकलन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | **लिखित परीक्षा — लिखित परीक्षा की अवधि – 60 मिनट** | **60 अंक** |
| 1. | लिखित परीक्षा में 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (40 अंक) और 1 निबंध प्रकार के प्रश्न (20 अंक) शामिल होंगे, जो स्काउट्स एंड गाइड्स संगठन और इसकी गतिविधियों और ग्रेड पे–1900 और ग्रेड पे–1800 के लिए सामान्य ज्ञान से संबंधित है। इसका पाठ्यक्रम **आरआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध अनुलग्नक–II** के अनुसार होगा। | |
| **(ख)** | **प्रमाणपत्र के अंक** | **40 अंक** |
| | **(i) राष्ट्रीय स्पर्धा/राष्ट्रीय उत्सव (अखिल भारतीय रेलवे स्पर्धाओं सहित) में प्रतिभागिता/दी गई सेवाएं** | 10 अंक |
| | (क) पहले दो प्रमाणपत्र (यानि न्यूनतम पात्रता योग्यता) | शून्य |
| | (ख) एक अतिरिक्त स्पर्धा | 07 अंक |
| | (ग) दो या अधिक अतिरिक्त स्पर्धाएं | 10 अंक |
| | **(ii) राज्य स्पर्धाओं/रैलियों में प्रतिभागिता/दी गई सेवाएं** | **10 अंक** |
| | (क) पहले दो प्रमाणपत्र (यानि न्यूनतम पात्रता योग्यता) | शून्य |
| | (ख) एक अतिरिक्त स्पर्धा | 07 अंक |
| | (ग) दो या अधिक अतिरिक्त स्पर्धाएं | 10 अंक |
| | **(iii) राष्ट्रीय/राज्य/अखिल भारतीय रेलवे स्तर पर आयोजित विशिष्ट स्काउट्स/गाइड्स पाठ्यक्रम** | **10 अंक** |
| | (क) एक पाठ्यक्रम | 07 अंक |
| | (ख) एक या अधिक पाठ्यक्रम | 10 अंक |
| | **(iv) जिला रैलियों में प्रतिभागिता** | 10 अंक |
| | (क) एक प्रमाणपत्र | शून्य |
| | (ख) दो प्रमाणपत्र | 07 अंक |
| | (ग) तीन प्रमाणपत्र | 10 अंक |
| | **कुल** | **100 अंक** |

**नोटः परीक्षा का माध्यम हिंदी या अंग्रेजी में है। लिखित परीक्षा में सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का ऋणात्मक अंकन होगा और प्रत्येक गलत उत्तर पर प्रश्न के लिए आवंटित उत्तर के 1/3 अंक काटे जायेंगे। लिखित परीक्षा और दस्तावेजों का सत्यापन केवल दिल्ली में आयोजित किए जायेंगे।**

**4.0 चिकित्सा परीक्षाः**

नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों को चिन्हित पद के लिए उत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित आवश्यक चिकित्सा फिटनेस मानकों को पास करना होगा।

**5.0 परिवीक्षा की अवधि** – नियमों के अनुसार।

**6.0 प्रशिक्षण की अवधि** – चयनित उम्मीदवार को उस पद की अपेक्षा के अनुसार प्रशिक्षण लेना होगा जिस पर उसे चुना गया है।

जारी...

**7.0 उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षर/जमा करने वाले समझौते/प्रतिभूति जमा/बांड का विवरणः** चयनित उम्मीदवारों को एक अनुबंध करना होगा।

**8.0 तैनाती का स्थानः**

चयनित उम्मीदवारों को आम तौर पर उस रेलवे या रेलवे प्रतिष्ठान पर नियोजित किया जाएगा, जहां उन्होंने आवेदन किया, लेकिन किसी अन्य रेलवे या किसी अन्य प्रतिष्ठान को स्थानांतरण किए जाने के अधिकार का कोई दावा नहीं किया जाएगा। हालांकि, सेवा की अनिवार्यता को देखते हुए, सक्षम प्राधिकारी को यह अधिकार रहेगा कि वह रेलवे कर्मचारी को भारत में या उसके बाहर परियोजना सहित किसी अन्य विभाग या डिवीजन/यूनिट या रेलवे या रेलवे प्रतिष्ठान में स्थानांतरित करे।

**9.0 टंकण कौशल में दक्षताः** लिपिकों की श्रेणी में स्काउट्स एंड गाइड्स कोटा पर नियुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति की तारीख से दो साल की अवधि के अंदर टाइपिंग में प्रवीणता प्राप्त करना आवश्यक होगा, और उनकी नियुक्ति निर्धारित अवधि में निर्धारित टाइपिंग योग्यता प्राप्त करने के अधीन होगी। निर्धारित अवधि के भीतर टाइपिंग कौशल प्राप्त न करने की स्थिति में, कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा और ऐसे उम्मीदवार(रों) की सेवाएं सरसरी तौर पर समाप्त कर दी जायेंगी।

**10.0 सामान्य अनुदेशः**

(i) आरआरसी वेबसाइट पर सिर्फ पंजीकरण/ऑनलाइन आवेदन करना उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के लिए पात्र होने का अधिकार नहीं देता। खुले विज्ञापन कोटा में की गई सभी भर्तियां पे मैट्रिक्स में वेतनमान के न्यूनतम पर होंगी।

(ii) विशिष्ट पद और तैनाती के स्थान का निर्णय उत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति प्रदान करते समय किया जाएगा।

(iii) **शिक्षा और एसएंडजी योग्यता में कोई छूट नहीं दी जाएगी।**

(iv) एससी, एसटी और ओबीसी के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है, तथापि एससी/एसटी/ओबीसी समुदाय से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए जाति प्रमाणपत्र की स्वयं सत्यापित प्रति अपलोड करना अपेक्षित है।

(v) रेलवे प्रशासन के पास पात्र उम्मीदवारों को किसी भी स्थान पर भर्ती करने का अधिकार सुरक्षित है। उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि परीक्षा हॉल में कोई मूल्यवान/महंगी वस्तुएं साथ न लाएं क्योंकि इनकी सुरक्षा का आश्वासन नहीं दिया जा सकता। विभाग इस संबंध में किसी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(vi) पात्रता, स्थान, तारीख, चयन माध्यम, स्वीकृति या अस्वीकृति, पद, तैनाती के स्थान, ग्रेड की सिफारिश इत्यादि से संबंधित सभी मामलों पर उत्तर रेलवे प्रशासन का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

(vii) छांटे गए पात्र उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के लिए परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन स्थल पर 1 दिन से अधिक ठहरना पड़ सकता है जिसके लिए उन्हें अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी। उम्मीदवारों को पूरे स्काउट एंड गाइड यूनीफॉर्म में फोटोग्राफ अपलोड करना आवश्यक है।

(viii) पहले से सरकारी सेवारत उम्मीदवारों को नियोक्ता से एनओसी सहित ऑनलाइन आवेदन जमा करें, इसके बिना आवेदन को किसी भी चरण में सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(ix) आवेदकों की उम्मीदवारी भर्ती के किसी भी चरण में, कोई तथ्य छिपाए जाने की स्थिति में, जो कि ऊपर निर्धारित शर्तों का उल्लंघन है, निरस्त की जा सकती है। रेलवे प्रशासन का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

(x) चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए/आवास नहीं दिया जाएगा। आवेदक को स्वयं की स्काउट एंड गाइड यूनिफॉर्म/किट लानी होगी। तथापि एससी/एसटी उम्मीदवारों जिन्होंने अपने उचित जाति प्रमाणपत्र अपलोड किए हैं को ई प्रवेश पत्र के साथ मुफ्त यात्रा प्राधिकार (द्वितीय श्रेणी) दिया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों को ई–कॉल लेटर और एससी/एसटी प्रमाणपत्र की स्वयं सत्यापित प्रति प्रस्तुत करने पर यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। यात्रा के दौरान इन उम्मीदवारों को मूल एससी/एसटी प्रमाणपत्र और पहचान के मूल साक्ष्य के साथ ई–प्रवेश पत्र लेकर चलना होगा जिसके बिना उन्हें बिना टिकट माना जाएगा और तदनुसार जुर्माना लिया जाएगा।

(xi) रेलवे प्रशासन को कोई भी तारीख तय करने, जैसा उपयुक्त प्रतीत हो, स्थान बदलने या परीक्षण/मूल्यांकन स्थगित करने (अपनी सुविधा पर), या अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण परीक्षण भी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसके खिलाफ कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। तारीख और स्थान में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(xii) उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों (जन्म तिथि का मैट्रिकुलेशन या समकक्ष प्रमाणपत्र, शैक्षिक योग्यता, स्काउट एंड गाइड योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, आदि) की मूल प्रति **स्वयं सत्यापित** फोटोकॉपियों के एक सेट सहित दस्तावेज सत्यापन के दिन साथ लेकर आएं, ऐसा न करने पर उन्हें चयन में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंग्रेजी या हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं में प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी में स्वयं सत्यापित अनुवाद के साथ होने चाहिए।

(xiii) जमा करने की आखिरी तारीख खत्म होने के बाद उम्मीदवार को अल्पकालिक सूचना पर लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होने के लिए तैयार रहना चाहिए।

(xiv) भर्ती के सभी चरणों में उम्मीदवार का प्रवेश पूरी तरह से निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन होगा।

(xv) उच्चतर वेतन मैट्रिक्स के लिए योग्यता वाले और निम्नतर वेतन मैट्रिक्स की रिक्तियों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों पर, अन्यथा पात्र पाये जाने पर, आवेदित लेवल के लिए ही विचार किया जाएगा।

(xvi) एस एंड जी कोटे पर भर्ती किए गए उम्मीदवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा, यदि भर्ती के लिए उसके द्वारा प्रस्तुत जानकारी और दस्तावेज किसी चरण में गलत/जाली पाये जाते हैं।

(xvii) कोई भी उम्मीदवार प्रतिरूपण का प्रयास नहीं करेगा या चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी प्रतिरूपणकर्ता की मदद नहीं लेगा। ऐसे उम्मीदवारों को सभी आरआरबी/आरआरसी परीक्षाओं में भाग लेने या रेलवे में कोई नियुक्ति पाने से जीवन भर के लिए वंचित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, उम्मीदवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

(xviii) चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने के लिए शुल्क छूट सहित पात्रता सुनिश्चित करने और/या विशेषाधिकार प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार द्वारा तथ्यों के किसी भी तथ्यात्मक छिपाव या जाली प्रमाणपत्र/जाति प्रमाणपत्र जमा करने पर, उस भर्ती विशेष के लिए उसकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी जिसके लिए उसने आवेदन किया है। इसके अलावा, उसे देश भर में सभी आरआरबी/आरआरसी द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं से भी वंचित कर दिया जाएगा।

(xix) जिन उम्मीदवारों को सभी आरआरबी/आरआरसी परीक्षाओं से जीवन भर के लिए वंचित किया गया है या जिन वंचित किए गए उम्मीदवारों का निर्दिष्ट समय अभी तक पूरा नहीं हुआ है, उन उम्मीदवारों को इस रोजगार सूचना के जवाब में आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। भर्ती के किसी भी चरण के दौरान पता चलने पर उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

(xx) एसएंडजी कोटे की भर्ती रेलवे बोर्ड द्वारा समय–समय पर जारी परिवर्तनों/संशोधनों सहित पठित, पत्र सं. ई(एनजी)II/2015/आरआर–2/1 (आरबीई सं. 110/2015) दिनांक 21.09.2015 द्वारा जारी रेलवे बोर्ड की नीति के अनुसार की जाएगी।

(xxi) मौजूदा नियमों के अनुसार रोजगार सूचना के नियमों और शर्तों में बाद में कोई भी बदलाव मान्य होगा। आरआरसी के पास इस रोजगार सूचना के तहत भर्ती के नियमों और शर्तों में लागू होने पर कोई भी परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन/निरस्तीकरण करने का अधिकार सुरक्षित है।

(xxii) आरआरसी के पास भर्ती की प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, यदि आवेदन/उम्मीदवारी में कोई अनियमितता/कमी ध्यान में आती है।

(xxiii) किसी भी कानूनी विवाद के लिए, न्यायाधिकार क्षेत्र केवल नई दिल्ली में होगा।

(xxiv) व्याख्या या किसी गलती के बारे में किसी विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को मान्य समझा जाएगा।

(xxv) किसी भी रूप में सिफारिश, दुर्व्यवहार या कदाचार से उम्मीदवारी को अस्वीकृत और निरस्त कर दिया जाएगा और इस मामले में किसी पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

(xxvi) **उम्मीदवार यह ध्यान दें कि लिखित परीक्षा में उपस्थित होने की उम्मीदवार की न्यूनतम पात्रता दर्शाने वाले सभी संगत दस्तावेज जैसेः शिक्षा, स्काउट एंड गाइड योग्यता और जाति प्रमाणपत्र इत्यादि ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाएं।** मूल प्रमाण पत्र आरआरसी/एनआर को नहीं भेजे जाने हैं और ये दस्तावेज सत्यापन के समय अपेक्षित हैं, ऐसा न करने पर आवेदक को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(xxvii) नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से अर्ह पाए गए सभी उम्मीदवारों से **आरआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध अनुलग्नक–III** के अनुसार एक लिखित घोषणा ली जाएगी। यदि उम्मीदवार उसके द्वारा प्रस्तुत किसी भी कथित घोषणाओं का उल्लंघन करता है तो उस पर राज्य मुख्य आयुक्त/जिला मुख्य आयुक्त, जैसा भी मामला हो, की सिफारिश पर संबंधित सीपीओ/वरिष्ठ डीपीओ द्वारा डीए एंड आर के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**11.0 अमान्य आवेदनः— आवेदक द्वारा जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र और दस्तावेजों में पाई गई निम्नलिखित किसी एक कमी/विसंगति के कारण आवेदन अमान्य/अस्वीकार कर दिया जाएगाः—**

(i) निर्धारित प्रारूप में नहीं और अधूरा या अस्पष्ट आवेदन।

(ii) फोटो, एलएचटी निशान के बिना, हस्ताक्षर न किया गया आवेदन/कैपिटल अक्षरों में हस्ताक्षर या चयन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न स्थानों पर विभिन्न हस्ताक्षर।

(iii) परीक्षा शुल्क के बिना या कम शुल्क वाला आवेदन।

(iv) जन्म की तारीख, शैक्षणिक योग्यताओं, स्काउट एंड गाइड योग्यता, यथा लागू जाति प्रमाण पत्र, आदि के बिना आवेदन।

(v) अधिक आयु या कम आयु, नहीं भरी गई या गलत तरीके से भरी गई जन्म तिथि।

(vi) अपेक्षित प्रमाणपत्रों की स्वयं सत्यापित फोटोकॉपी अपलोड नहीं की गईं।

(vii) आवेदन करते समय आवश्यक शैक्षिक योग्यता और स्काउट एंड गाइड योग्यता नहीं हो।

(viii) अंग्रेजी या हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में भरे गए आवेदन।

(ix) अन्य कोई अनियमितता जो आरआरसी द्वारा अमान्य समझी गई हो।

**12.0 विविधः**

(i) विज्ञापन में किसी भी अनजान त्रुटि के लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा (आरआरसी वेबसाइट चयन के दौरान विविध जानकारी के लिए उम्मीदवारों के साथ संपर्क का प्राथमिक और मुख्य स्रोत होगी।)

(ii) दोनों संस्करणों यानी अंग्रेजी और हिंदी में कोई संदिग्धता/विवाद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण प्रभावी होगा।

(iii) यदि किसी आवेदक को अपने आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण करने में कठिनाई होती है, तो वे अधिसूचना के साथ आरआरसी वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर से संपर्क कर सकते हैं।

**13.0 आवेदन कैसे भरें:**

अधिसूचना के अंत में दिए गए बॉक्स में उम्मीदवार द्वारा दिए गए अंडरटेकिंग पर क्लिक करें कि **मैंने भर्ती प्रक्रिया के दौरान अनुपालन के लिए ऊपर दिए गए निर्देशों सहित अधिसूचना को सावधानीपूर्वक पढ़ा है।**

⇩

ऑनलाइन आवेदन पर क्लिक करें — लॉगइन बॉक्स में दो विकल्प दिखाई देंगे यानी पहले से पंजीकृत उम्मीदवारों और नए पंजीकरण के लिए लॉगइन।

⇩

**उम्मीदवार का डैशबोर्ड लाल रंग का दिखाई देगा जो चरण वार पूर्ण होने पर हरे रंग का हो जाएगा। उम्मीदवार भुगतान स्लिप का प्रिंट लेने और भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन, यदि जरूरत हो तो, के विकल्प सहित भाग I से भाग IV तक ऑनलाइन आवेदन एक बार में या भागों में पूरा कर सकते हैं, किंतु सभी मामलों में यह अंतिम तिथि के भीतर पूर्ण किया जाना चाहिए। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक चरण में सॉफ्टवेयर द्वारा दिए गए अनुदेशों का पालन करें।**

| भाग I | भाग II | भाग III | भाग IV | भाग V | भाग VI |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण फॉर्म | आवेदन पत्र | परीक्षा शुल्क का भुगतान | दस्तावेज, फोटो, हस्ताक्षर और अंगूठे का निशान इत्यादि अपलोड करना | ऑनलाइन भुगतान विवरण का प्रिंट | आवेदन का विवरण/प्रिंट |

**14.0 ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए जाने वाले संलग्नकः**— आवेदक को ऑनलाइन आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज/प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे, ऐसा न किए जाने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

क. जन्म तिथि (10वीं या मैट्रिक पास प्रमाणपत्र) का प्रमाण।

ख. पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यक शैक्षिक और स्काउट योग्यता का प्रमाण।

ग. एससी/एसटी/ओबीसी/अल्पसंख्यक/आर्थिक रूप से पिछड़े/पीडब्ल्यूडी आदि से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में आरआरसी वेबसाइट यानी **www.rrcnr.org पर उपलब्ध अनुलग्नक के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र।**

अध्यक्ष
**रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे**

**3181/2018**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ